# राजस्थान लोक सेवा आयोग

एफ. 7(1) **R'A'/Jr. Chemist/PHED/RPSC/2025-26/128** दिनांक : **26.05.2025**

<u>प्रेस–नोट</u>

आयोग द्वारा कनिष्ठ रसायनज्ञ (Junior Chemist), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पदों की भर्ती 2025 हेतु विज्ञापन सं. 2/भर्ती/Jr. Chemist/PHED/RPSC/EP-I/2025–26 दिनांक 02.04.2025 जारी कर दिनांक 09.04.2025 से दिनांक 08.05.2025 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त पदों हेतु वांछित अनिवार्य योग्यता निम्नानुसार है –

> "M.Sc. in Chemistry with second class from a university established by law in India or from a Foreign University/Institution equivalent thereto declared by the Government."

उक्त पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की <u>रेण्डम/सेम्पल</u> जांच की गई। उक्त जांच में पाया गया कि कतिपय आवेदकों के पास अनिवार्य योग्यता नहीं होने के उपरान्त भी उनके द्वारा आवेदन किया गया है। ऐसा किये जाने पर अभ्यर्थी को आयोग द्वारा भविष्य में ली जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित (Debar) कर दिया जाएगा एवं उनके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 217 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

अतः ऐसे अभ्यर्थी जो उक्त शैक्षणिक योग्यता नहीं रखते हैं और उन्होंने उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन कर दिया है, उनको आगाह किया जाता है कि वे अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 06.06.2025 तक प्रत्याहारित (Withdraw) कर लेवें। इस हेतु ऑनलाईन Withdraw करने के लिए दिनांक 28.05.2025 से 06.06.2025 तक Link सक्रिय रहेगा।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

**सचिव**